# मध्य पश्चिम में मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ

विक्टोरिया सरकार विक्टोरिया के मध्य पश्चिम क्षेत्र में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) का निर्माण कर रही है, जिसमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

## मध्य पश्चिम में मनोरंजनात्मक गतिविधियों के स्थल

**हमारे प्राकृतिक पर्यावरण और प्रजातियों को संरक्षण देने के लिए और अधिक क्षेत्रफल नियत किए जाने के बावजूद भी पूरे मध्य पश्चिम विक्टोरिया में निवासियों और आगंतुकों के आनंद के लिए एक समान रूप से अनेकानेक मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ उपलब्ध हैं।**

हम जो परिवर्तन कर रहे हैं, वे विक्टोरियावासियों को इन स्थानों में बेहतरीन आउटडोर्स का आनंद उठाना जारी रखने, प्रकृति के साथ जुड़ने और मध्य पश्चिम विक्टोरिया में अपनी मनपसंद गतिविधियाँ करने की अनुमति देंगे:

- तीन नए राष्ट्रीय पार्क
- पांच नए क्षेत्रीय पार्क, और मौजूदा क्षेत्रीय पार्कों में महत्वपूर्ण संवर्धन
- नए संरक्षण पार्क एवं प्रकृति अभ्यारण्य (रिज़र्व), और
- राजकीय वन और अन्य सार्वजनिक भूमि में बरकरार रखे गए क्षेत्र

## सार्वजनिक भूमि में ड्राइविंग करना और साइकिल चलाना

- आप कार टूरिंग का आनंद उठाने में सक्षम होंगे/होंगी, जिसमें फोर-व्हील ड्राइविंग, ट्रेल बाइक राइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और सभी पक्की सड़कों एवं जनता के लिए खुले मार्गों पर साइकलिंग कर पाना भी शामिल है।
- आप राष्ट्रीय पार्कों, संरक्षण पार्कों, क्षेत्रीय पार्कों और राजकीय वनों में भूमि प्रबंधक द्वारा निर्धारित किए गए अन्य मार्गपथों और रास्तों पर माउंटेन बाइक राइडिंग और साइकिलिंग का आनंद उठा पाएंगे/पाएँगी।
- ड्राइवरों और साइकिल चालकों को हर समय नियत की गई सड़कों और मार्गपथों पर सवारी करनी चाहिए और सड़क तथा मार्गपथों के अन्य उपयोगकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए।

## बुशवॉकिंग करना, पिकनिक मनाना, प्रकृति को निहारना और विरासत की प्रशंसा करना

आप लगभग सभी सार्वजनिक भूमि पर बुशवॉकिंग करने, पिकनिक मनाने, प्रकृति को निहारने और विरासत की प्रशंसा करने का आनंद उठा सकेंगे/सकेंगी।

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

## सार्वजनिक भूमि पर शिविर (कैंप) लगाना

आप बरकरार रखे गए राजकीय वन क्षेत्रों में शिविर (कैंप) लगाने में सक्षम होंगे/होंगी।

आप सामान्य रूप से राष्ट्रीय पार्कों, संरक्षण पार्कों और क्षेत्रीय पार्कों में निर्धारित किए गए कैंपग्राउंड्स और भूमि प्रबंधक द्वारा निर्दिष्ट किए गए अन्य क्षेत्रों में शिविर (कैंप) लगाने में सक्षम होंगे/होंगी।

नए राष्ट्रीय पार्कों में दूर-दूर फैले स्थलों पर शिविर (कैंप) लगाने के अवसर होंगे।

और भी अधिक पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) में आगंतुकों की संख्या में बढ़ौत्तरी को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। विक्टोरिया के ग्रेट आउटडोर्स (Great Outdoors) कार्यक्रम के तहत उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाओं में सुधार करके इसका समर्थन किया जाएगा।

## वेल्सफोर्ड ब्लॉक

बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क में अनेकानेक प्रकार की मनोरंजनात्मक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए 7,000 हेक्टेयर से भी अधिक का क्षेत्रफल जोड़ा गया है।

इनमें शामिल हैं:

- बुशवॉकिंग करना, प्रकृति को निहारना और पिकनिक मनाना
- शिविर (कैंप) लगाना
- कार से घूमना, जिसमें फोर-व्हील ड्राइव के वाहन भी शामिल हैं
- मार्गपथों पर साइकिल चलाना
- माउंटेन बाइकिंग और साइकिलिंग करना
- पक्की सड़कों और मार्गों पर घुड़सवारी
- कुत्ता घुमाना (जिसमें डॉग स्लेजिंग भी शामिल है), और
- मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण।

जून 2029 तक कुछ निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी को एकत्र करने अनुमति होगी।

मनोरंजन के लिए शिकार और बाज़ारी प्रयोजनों से लकड़ी की कटाई की अनुमति नहीं होगी।

## वॉम्बैट-मैसेडॉन ब्लॉक

वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय पार्क, कोबौ संरक्षण पार्क और हेपबर्न संरक्षण पार्क में आप निर्धारित किए गए कैंपग्राउंड्स और भूमि प्रबंधक द्वारा निर्धारित किए गए अन्य क्षेत्रों में शिविर लगाने में सक्षम होंगे/होंगी।

- नए बार्कस्टेड, स्पार्गो क्रीक, ब्लैकवुड और फिंगरपोस्ट क्षेत्रीय पार्कों, तथा हेपबर्न क्षेत्रीय पार्क में जोड़े गए अतिरिक्त क्षेत्रों में आप निर्धारित किए गए कैंपग्राउंड्स और भूमि प्रबंधक द्वारा निर्धारित किए गए अन्य क्षेत्रों में शिविर लगाने में सक्षम होंगे/होंगी।
- विक्टोरिया के ग्रेट आउटडोर्स (Great Outdoors) कार्यक्रम से प्राप्त वित्त-पोषण के माध्यम से विक्टोरिया सरकार इस क्षेत्र में अनेकानेक परियोजनाओं के तहत विभिन्न कैंपग्राउंड्स में संवर्धन करेगी तथा नए और बेहतर बनाए गए पैदल मार्गपथों और पैदल मार्गपथ सुविधाओं का विकास करेगी।

## माउंट कोल-पिरेनीस ब्लॉक

इस क्षेत्र में राजकीय वन का काफी बड़ा क्षेत्रफल बरकरार रखा गया है, जिसमें पिरेनीस (3,099 हेक्टेयर) और माउंट कोल (5,037 हेक्टेयर) राजकीय वन के हिस्से भी शामिल हैं। विक्टोरियावासी यहां अनेकानेक प्रकार की मनोरंजन गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं, जिसमें शिविर लगाना (कैंपिंग) भी शामिल है। माउंट बुएंगर और पिरेनीस राष्ट्रीय पार्क, तथा पिरेनीस क्षेत्रीय पार्क में आप निर्धारित किए गए कैंपग्राउंड्स और भूमि प्रबंधक द्वारा निर्दिष्ट किए गए अन्य क्षेत्रों में शिविर (कैंप) लगाने में सक्षम होंगे/होंगी।

विक्टोरिया सरकार माउंट कोल और माउंट बुएंगर क्षेत्र में आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कैंपग्राउंड्स को अपग्रेड करेगी, जिसमें शौचालयों, आश्रयों और संकेतों को अपग्रेड करना शामिल है। इसे विक्टोरिया के ग्रेट आउटडोर्स (Great Outdoors) कार्यक्रम के तहत वित्त-पोषित किया जाएगा।

## हमारे सार्वजनिक स्थलों, मार्गपथों और सुविधाओं में संवर्धन

विक्टोरिया का ग्रेट आउटडोर्स (Great Outdoors) कार्यक्रम चलने के लिए बेहतर पथमार्गों, कैंपग्राउंड्स, फोर-व्हील ड्राइव मार्गों और आगंतुक सुविधाओं में $105.6 मिलियन का निवेश करके क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है और विक्टोरियावासियों के लिए प्रकृति का आनंद उठा पाना आसान बना रहा है।

विक्टोरिया का ग्रेट आउटडोर्स (Great Outdoors) कार्यक्रम चलने के लिए बेहतर पथमार्गों, कैंपग्राउंड्स, फोर-व्हील ड्राइव मार्गों और आगंतुक सुविधाओं का निर्माण करके सभी विक्टोरियावासियों के लिए हमारे पार्कों का अन्वेषण कर पाना आसान बना रहा है।

# इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है।

आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं।

घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के बारे में और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.ffm.vic.gov.au/firewood/firewood-collection-in-your-region

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।

आधिकारिक